Regarding problem of water-logging in underpasses of Railway Freight Corridor Project in Akbarpur Parliamentary Constituency - laid

श्री देवेन्द्र सिंह ?भोले? (अकबरपुर): मैं सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र अकबरपुर (उत्तर प्रदेश) में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर योजना के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल की कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अंडरपासों के त्रुटिपूर्ण निर्माण के कारण अंडरपासों में जलभराव के कारण बाधित आवागमन की समस्या एवं क्षतिग्रस्त सडको की मरम्मत कराने पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। रेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन रेलवे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण में लगातार माल ढुलाई में लगे भारी वाहनों के आवागमन के चलते जनपद कानपुर देहात एवं जनपद कानपुर नगर की लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागों से निर्मित कई सड़कें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने तथा मानकों के विपरीत निर्मित कराये गए रेलवे अंडर पासों पर जलभराव के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही असुविधाओं के सम्बन्ध में मैंने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को दिनांक 19.11.2019 एवं कोई कार्यवाही न होने के कारण दिनांक 15.09.2020 को प्रकरण को लोकसभा सदन में शून्य काल के माध्यम से समस्या का निदान कराये जाने हेतु आग्रह किया था इसके उपरांत दिनांक 01.06.2021 तथा दिनांक 04.08.2021 एवं दिनांक 01.11.2021 को पत्र एवं भेंट कर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड से पुनः आग्रह किया था। इसके पश्चात मेरे द्वारा दिनांक 13.11.2021 को भावपुर से सरसौल तक एवं दिनांक 15.11.2021 कंचौसी से भावपुर तक समस्त अधिकारीयों एवं क्षेत्रीय जनों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जर्जर सड़कों एवं मानकों के विपरीत बनाये गए अंडर पासों से आवागमन की समस्या डी०एफ०सी०सी०एल० एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा कथित रूप से किये गए अनैतिक व्यवहार के कारण क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा रोष व्यक्त करते हुए रेलवे सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं को मौके पर दिखाकर अवगत कराया तथा सम्बंधित पत्र प्रेषित किये गए फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण में निर्मित कराये गए सभी अंडर पासों में जलभराव की समस्या मुख्य रूप से सामने आयी क्योंकि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पानी निकासी हेतु कही भी हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण नहीं किया गया इसके साथ अंडर पासों के मध्य निर्मित नालियों के गलत तरीके से निर्माण कराये जाने एवं केमिकल न डाले जाने कारण अंडर पासों की दोनों ओर निर्मित दीवारों से जल रिसाव एवं अंडर पास पर डीएफसीसीआईएल द्वारा निर्मित कराये गए टीन शेड छोटे निर्मित किये जाने के कारण भी बौछार का पानी भी जलभराव का मुख्य कारण प्रतीत हुआ तथा तीव्र मोड़ दिए जाने के कारण विगत में हुयी कई दुर्घटनायें प्रकाश में लायी गयी एवं कई अंडर पासों की दीवारों पर चिटकन एवं दरार भी दिखी जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी क्षेत्रीय लोगों द्वारा सवाल उठाये गए अंडर पासों के त्रुटिपूर्ण निर्माण के सम्बन्ध में मौके की स्थिति को वीडियों कॉलिंग के माध्यम से चेयरमैन डीएफसीसीएल को भी दिखाया गया इसके अतिरिक्त डीएफसीसीएल के अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण में त्रुटिपूर्ण मुआवजे के कई प्रकरण प्रकाश में आये । जहाँ एक ओर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अंडर पासों का त्रुटिपूर्ण निर्माण कराकर सरकारी धन का नुक्सान किया है वहीँ दूसरी ओर कई अंडर पास जिनका कोई प्रयोग न होने बावजूद सरकारी धन का दुरूपयोग कर निर्माण कराया गया है जर्जर सड़कों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंताओं द्वारा वर्तमान में प्रेषित किये गए पत्रों के माध्यम से जनपद कानपुर नगर क्षेत्र की 47 सड़कों एवं जनपद कानपुर देहात की 37 जर्जर सड़कों की सूची प्रेषित की गयी उक्त पत्रों पर मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग एवं उपजिलाधिकारियों द्वारा संस्तुति करते हुए सड़कों की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में डीएफसीसीएल को पत्र प्रेषित किया है इसके अलावा क्षेत्र के सम्बंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा प्रेषित अपनी आख्याओं के माध्यम से क्षेत्र की रेलवे सम्बन्धी कई समस्याओं से अवगत कराते हुए प्राप्त शिकायतों एवं कमियों का त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश एवं जाँच आख्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया है सम्बंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मंत्रालय को भ्रामक सूचना एवं गलत तथ्यों से अवगत कराया गया है जिस पर मेरे द्वारा अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को पुनः अवगत कराया है। अतः मैं माननीय मंत्री जी अनुरोध करना चाहता हूँ कि क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निर्माण कराये जाने, त्रुटिपूर्ण निर्मित किये गए अंडर पासों की उच्च स्तरीय जाँच कराकर यथासंभव सुधार कराये जाने तथा क्षेत्रीय जनों की रेलवे सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।